# कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला जी.ई.रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं. 0788.2350125, ई–मेल–Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र. / IT/472/2025 भिलाई, दिनांक 15/09/2025

प्रति,

1. सर्व जोन आयुक्त ........................................
2. सर्व विभाग प्रमुख ........................................

नगर पालिक निगम
भिलाई

**विषय :–** विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के संबंध में।

––00––

विषयांतर्गत लेख है, नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम / इंटरनेट मॉडम / यूपीएस / फोटोकॉपी मशीन स्थापित है। प्रायः देखा जा रहा है, कि विद्युत (अर्थिंग / वोल्टेज) अप–डाउन होने के कारण कम्प्यूटर संबंधी कार्य में व्यवधान एवं बार–बार कम्प्यूटर सिस्टम संधारण किया जा रहा है। जिससे निगम की आर्थिक क्षति हो रही है। वर्तमान में विद्युत (अर्थिंग / वोल्टेज) अप–डाउन के कारण मुख्य कार्यालय के सीपीएफ शाखा / पुराना लेखाशाखा / विधि विभाग / योजना विभाग / शिकायत / जनगणना / जांच शाखा / जोन–1,2,3 में अधिकांश कम्प्यूटर सिस्टम / इंटरनेट मॉडम / यूपीएस / प्रिंटर को बार–बार संधारण की शिकायते आ रही है। बार–बार शिकायते प्राप्त होने से संधारण में भी विलंब हो रहा है। उक्त हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी उपकरणों / मशीनों का उचित रख–रखाव व डाटा बैकअप लिया जाना सुनिश्चित करेंगे।

अतः सर्व विभाग प्रमुख / जोन कार्यालय को निर्देशित किया जाता है, कि अपने–अपने विभाग विद्युत (अर्थिंग / वोल्टेज) अप–डाउन को सुचारू रूप से व्यवस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में विभाग प्रमुख स्तर पर ही संधारण कार्य कराये जाने उत्तरदायी होंगे।

Digitally signed by
Rajeev Kumar Pandey
Date: 15-09-2025
21:11:24

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

पृ. क्र. / IT/472/2025 भिलाई, दिनांक 15/09/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता–1 / 2, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. प्र. अधिकारी भवन संधारण / मुख्य कार्यालय के समस्त विभागों में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने सूचनार्थ।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**